# University in News on 10 April 2021

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 1**

## लविवि 15 तक बंद, हॉस्टल खाली करने का भी दिया निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी व सहयुक्त महाविद्यालय 15 अप्रैल तक बंद करने का निर्णय लिया है। यह फैसला जिला प्रशासन के निर्देश के चलते लिया गया। इसके अलावा लविवि प्रशासन ने विद्यार्थियों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश जारी कर दिया है।

### लविवि के सहयुक्त महाविद्यालय भी बंद रहेंगे

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि 15 तक लविवि व सहयुक्त महाविद्यालय बंद किए जाते हैं। ऑनलाइन क्लास चलती रहेंगी। पुनर्वास विवि में छात्रावास, मेस बंद कर दी गई। विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू की गई हैं। उधर, बीबीएयू प्रशासन ने छात्रावास में रह रहे पीजी, पीएचडी विद्यार्थियों बाहर न घूमने की अपील की है। (माई सिटी रिपोर्टर)

**HINDUSTAN PAGE 8**

## छात्रों से घर जाने का किया जा रहा अनुरोध

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय हॉस्टल के छात्रों से घर जाने का अनुरोध कर रहा है।

प्रॉक्टर प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि कोरोना देखते हुए हॉस्टल में रहने वाले छात्र छात्राओं से अपने घर जाने का अनुरोध किया जा रहा है। हॉस्टल में कॉमन बाथरूम समेत कई वजह से संक्रमित होने का खतरा रहता है। अभी कोई आदेश नहीं लिया है, बस छात्रों से अपील की जा रही है।

वहीं एलयू में 17 हॉस्टल हैं। पिछले दिनों तिलक हॉस्टल में कई छात्राएं संक्रमित थीं, इसके बावजूद कोई व्यवस्था नहीं की गई। इससे नाराज छात्र-छात्राओं की मांग है कि छात्रावास में वैक्सीन लगाने का इंतजाम हो। वहीं एलयू के प्रवक्ता दुर्गेश कुमार ने बताया कि हॉस्टल में वैक्सीन लगवाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लखनऊ विश्वविद्यालय 15 अप्रैल तक बंद

**जासं, लखनऊ:** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर बुधवार देर शाम जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश पर लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) ने शुक्रवार को अमल किया। दो दिन बाद विवि प्रशासन द्वारा बंद का आदेश जारी करना समझ से परे है, जबकि कोरोना संक्रमण के कारण ही लविवि के तीन प्रोफेसरों को जान गंवानी पड़ी। कुलसचिव विनोद कुमार ने 15 अप्रैल तक बंद के निर्देश जारी किए हैं। कुलसचिव ने बताया कि इस दौरान विवि परिसर और सहयुक्त कालेज पूरी तरह बंद रहेंगे।

### छात्रावासों को जल्द खाली करने का निर्देश

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रावासों में रह रहे छात्रों को जल्द अपने घर चले जाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश चीफ प्रोवास्ट नलिनी पांडे की ओर से जारी किया गया है। उधर, विवि में चर्चा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन सोमवार से अधिकारियों व कर्मचारियों को बुलाने की योजना बना रहा है।